प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 28.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड हाईकोर्ट ने रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार को उनके पद से हटाये जाने के सरकार के आदेश पर रोक लगा दी है। डॉ राजकुमार ने राज्य सरकार के इस आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि अदालत ने राज्य सरकार और अन्य को  नोटिस जारी करते हुए शपथ पत्र के माध्यम से जबाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई छह मई को होगी।

**********************

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को लेकर बड़ा बयान दिया है। देवघर में पत्रकारों से बातचीत में श्री दुबे ने कहा कि जो पाकिस्तानी नागरिक वीजा पर भारत में रह रहे हैं, खासकर वे जो विवाह के जरिए यहां बसने की कोशिश कर रहे हैं, उनके मामलों की गहन जांच होनी चाहिए।

**********************

इस बीच झामुमो ने कहा है कि भाजपा पहलगाम हमले से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज पांडेय ने कहा कि पहलगाम नरसंहार सुरक्षा में चूक का नतीजा है और केन्द्रीय गृहमंत्री को नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए।

**********************

रांची में सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। रैंप निर्माण का काम दोबारा शुरु होते ही आदिवासी संगठन फिर से सड़क पर उतर आये हैं। इस बीच भाजपा नेत्री आरती कुजूर ने सरकार पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाया है।

**********************

गिरिडीह में बंधक सीओ को छुड़ाने गए अधिकारियों और अंचल कार्यालय के बाहर धरना दे रहे आंदोलनकारियों के बीच आज झड़प हो गई। इस दौरान पथराव में कई लोग घायल हुए हैं। कई वाहनों को भी क्षति पहुंची है। हालात को काबू करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

**********************

कोडरमा के झुमरी तिलैया में आयोजित कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक और समीक्षा बैठक में भाग लेने  पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को विरोध का सामना करना पड़ा। दर्जनों महिलाएं हांथो में तख्तियां लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंची और मंच पर बैठे मंत्री के सामने एक मामले को लेकर सीओ को बर्खास्त करने की मांग करने लगीं। किसी तरह महिलाओं को शांत कराया गया। डा. अंसारी ने भरोसा दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

*********************

30 अप्रैल को अक्षय तृतीया है। इसे लेकर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में खास तैयारी की जा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*********************

पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला के मऊभंडार चौक की दुकानों में भीषण आग लग गयी। इसमें कम से कम 5 दुकानें जलकर राख हो गयीं। दुकानदारों को 8 से 9 लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। उधर, लातेहार जिला मुख्यालय के खेल स्टेडियम स्थित सीएम एक्सीलेंस विद्यालय परिसर में भी आज सवेरे 10 बजे अचानक आग लग गई। काफी मशक्कत के बाद अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

*********************

गुमला जिले में भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी। तीनों आपस में भाई थे। परिजनों ने बताया कि तीनों युवक बाईक से चंदाली से घाघरा जा रहे थे। तभी खरका गांव के समीप अज्ञात गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही तीनों युवकों की ही मौत हो गयी।

******समाप्त**************